# HAMIRPUR POLICE

जनपद हमीरपुर दिनाँक-03.06.2023

## सोशल मीडिया पर डाले गए वीडियो का संज्ञान लेकर युवक जान बचाने वाले पुलिस कर्मियों को किया गया सम्मानित:-

अवगत कराना है कि दिनांक 24/5/2023 को फेसबुक मेटा कंपनी की तरफ से जरिए अलर्ट पुलिस मुख्यालय से मौदहा क्षेत्र अंतर्गत एक युवक रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या करने जा रहा हैं। संबंधित सूचना सोशल मीडिया सेल को प्राप्त हुई थी। उपरोक्त सूचना पर तत्काल थाना मौदहा पुलिस को सूचित किया गया, थाना मौदहा पुलिस चौकी इंचार्ज इचौली रिंकू तिवारी द्वारा अपने हमराही कर्मचारी हेड कांस्टेबल अशोक, हेड कांस्टेबल रणविजय, एवं कॉन्स्टेबल गिरेन्द्र के साथ मौके पर पहुंचकर थाना मौदहा अंतर्गत अकौना रेलवे गार्ड से संपर्क कर दोनों तरफ से आ रही ट्रेनों को रुकवाया गया। 18 वर्षीय युवक को रेलवे ट्रैक अकौना से समझा-बुझाकर घर लाया गया, उक्त सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया।







